**NEWS CLIPPING:23.11.2021**

# THE TRIBUNE

## 23 STUDENTS GET PLACEMENTS

**Faridabad:** Samsung, the South Korean multinational electronics company, has recruited 23 engineering students of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, for its research and development (R&D) facilities, in New Delhi. In the ongoing placement drive by the university's employment and training office, Samsung has offered attractive package of upto Rs 14.5 lakh. Training and placement officer Prof Sanjeev Kumar said the talent of engineering students had attracted the multinational companies.

The Tribune Tue, 23 November 2021
https://epaper.tribun

**NEWS CLIPPING:23.11.2021**

## PIONEER

# जेसी बोस के 23 विद्यार्थियों का चयन

**फरीदाबाद।** दक्षिण कोरियाई बहुराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने अपने अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) केन्द्र, नई दिल्ली के लिए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के 23 इंजीनियरिंग छात्रों का चयन किया है। विश्वविद्यालय के रोजगार एवं प्रशिक्षण कार्यालय द्वारा चलाये जा रहे प्लेसमेंट अभियान में सैमसंग ने इंजीनियरिंग छात्रों को 14.5 लाख रुपये तक के आकर्षक पैकेज की पेशकश की है।

कुलपति राज नेहरू और कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। प्रशिक्षण एवं रोजगार अधिकारी प्रो. संजीव कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों दिनों में



विश्वविद्यालय के इंजीनियरों की प्रतिभा ने अमेजॅन और सैमसंग जैसी प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित किया है। आकर्षक सैलरी पैकेज के चलते छात्रों की भी इन कंपनियों के प्लेसमेंट अभियान में हिस्सा लेने को लेकर दावेदारी रहती है। उन्होंने कहा कि सैमसंग (आर एंड डी), दिल्ली में नौकरी पाने वाले विद्यार्थी कंप्यूटर इंजीनियरिंग, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शाखाओं से संबंध रखते हैं।

**NEWS CLIPPING:23.11.2021**

# AMAR UJALA

## सैमसंग कंपनी ने 23 इंजीनियर का किया चयन

संवाद न्यूज एजेंसी

फरीदाबाद। सैमसंग कंपनी ने अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) केंद्र की ओर से सोमवार को ज़ेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के (वाईएमसीए) 23 इंजीनियरिंग छात्रों का चयन किया है। कंपनी ने छात्रों को 14.5 लाख रुपये तक के आकर्षक पैकेज की पेशकश की है।

कुलपति राज नेहरू और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रशिक्षण एवं रोजगार अधिकारी प्रो. संजीव कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों में विश्वविद्यालय के इंजीनियरों की प्रतिभा ने अमेजॉन और सैमसंग जैसी प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित किया है। कंपनियां नियमित रूप से विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अभियान में हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि सैमसंग (आर एंड डी) दिल्ली में नौकरी पाने वाले विद्यार्थी कंप्यूटर इंजीनियरिंग, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शाखाओं से हैं।

**NEWS CLIPPING:23.11.2021**

## HADOTI ADHIKAR

# सैमसंग में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के 23 विद्यार्थियों का चयन

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 22 नवम्बर। दक्षिण कोरियाई बहुराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने अपने अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) केन्द्र, नई दिल्ली के लिए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के 23 इंजीनियरिंग छात्रों का चयन किया है। विश्वविद्यालय के रोजगार एवं प्रशिक्षण कार्यालय द्वारा चलाये जा रहे प्लेसमेंट अभियान में सैमसंग ने इंजीनियरिंग छात्रों को 14.5 लाख रुपये तक के आकर्षक पैकेज की पेशकश की है। कुलपति श्री राज नेहरू और कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

प्रशिक्षण एवं रोजगार अधिकारी प्रो. संजीव कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों दिनों में विश्वविद्यालय के इंजीनियरों की प्रतिभा ने अमेजॅन और सैमसंग जैसी प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित किया है, और ये कंपनियां नियमित रूप से विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अभियान में हिस्सा ले रही हैं। आकर्षक सैलरी पैकेज के चलते छात्रों की भी इन कंपनियों के प्लेसमेंट अभियान मेंहिस्सा लेने को लेकर दावेदारी रहती है। उन्होंने कहा कि सैमसंग (आर एंड डी), दिल्ली में नौकरी पाने वाले विद्यार्थी कंप्यूटर इंजीनियरिंग, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शाखाओं से संबंध रखते हैं।

**NEWS CLIPPING:23.11.2021**

# NAVBHARAT TIMES

# 23 इंजीनियरिंग छात्रों का चयन

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) केंद्र के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के 23 इंजीनियरिंग छात्रों का चयन किया है।



विश्वविद्यालय के रोजगार एवं प्रशिक्षण कार्यालय की ओर से चलाए जा रहे प्लेसमेंट अभियान में सैमसंग ने इंजीनियरिंग छात्रों को 14.5 लाख रुपये तक के पैकेज की पेशकश की है। कुलपति राज नेहरू और कुलसचिव डॉ.एस. के. गर्ग ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रशिक्षण एवं रोजगार अधिकारी प्रो.संजीव कुमार ने बताया कि एमएनसी नियमित रूप से विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अभियान में हिस्सा ले रही हैं।